Date of Publication- : 20/02/2022
Posted at Delhi R.M.S. on- : 21/22 Feb./2022
Postal Regn. : DL (W) 05/2065/2021-2023 RNI No. 49326/89
Licence to Post Without Prepayment : U (W) - 08/2021-2023


# मेट एवं मेम्स का वार्षिकोत्सव हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न

## इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार

## 100 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किया गया



**अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने का संकल्प करे युवा पीढ़ी : ओम बिरला**



**डॉ. नंद किशोर गर्ग को देखकर मालवीय जी की याद आती है : एन.डी. गुप्ता**



**मेट एवं मेम्स के छात्र पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने में सफल हो रहे हैं : डॉ. नंद किशोर गर्ग**
































रोहिणी। महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ( मेट ) एवं महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज ( मेम्स ) का वार्षिकोत्सव 18 फरवरी को रोहिणी स्थित परिसर में धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्ष बाद आयोजित किए गए वार्षिकोत्सव को लेकर छात्रों एवं शिक्षकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 51000, 31000 एवं 11000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दोनों संस्थानों में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले 100 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। दोनों संस्थानों द्वारा दिए जाने वाले विशेष पुरस्कारों की श्रृंखला में साक्षी बिंदल, रीवा धारीवाल, मिली त्यागी एवं तान्या जोसेफ को वंदना गोयल स्मृति पुरस्कार के तहत 51000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही सत्यवती जैन स्मृति फैलोशिप, के.सी. गर्ग स्मृति फैलोशिप एवं ओम प्रकाश जिंदल स्मृति फेलोशिप के तहत भी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। लोकसभा अध्यक्ष के कर-कमलों से पुरस्कृत होने वाले सभी विद्यार्थियों के चेहरे की चमक उनकी प्रसन्नता को बयां कर रही थी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने युवा पीढ़ी को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि उन्हें अपना लक्ष्य ऊंचा रखना चाहिए एवं अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने के संकल्प के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने अमेरिका, जापान सहित दुनिया के तमाम देशों में भारत के डॉक्टरों, इंजीनियरों आदि की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनको वहां बड़े सम्मान के साथ देखा जाता है। भारत की युवा पीढ़ी ने उन देशों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन अब समय आ गया है कि हमारी युवा पीढ़ी भारत को दुनिया के सबसे समृद्धि एवं शक्तिशाली देश बनाने का लक्ष्य लेकर काम करे। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी भारत अभी विकसित देशों की कतार में शामिल नहीं हो सका है। इसलिए आज अवसर है कि हमारी युवा पीढ़ी इस लक्ष्य के साथ काम करना प्रारंभ करे कि जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तो उस समय वह दुनिया के विकसित देशों की कतार में खड़ा होगा। उन्होंने महाराजा अग्रसेन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज से पांच हजार साल पहले महाराजा अग्रसेन द्वारा जिस प्रकार की शासन व्यवस्था स्थापित की गई थी उसी रास्ते पर वर्तमान समय में माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार भी चल रही है। जिसका प्रत्यक्ष परिणाम अब दिखाई देने लगा है। आज भारत का नाम पूरी दुनिया में काफी सम्मान के साथ लिया जाता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद एन.डी. गुप्ता ने कहा कि मैं डॉ. नंद किशोर गर्ग की कार्यशैली को देखता हूं तो मुझे स्वाभाविक रूप से महामना मदन मोहन मालवीय जी की याद आती है। मदन मोहन मालवीय जी ने जिस प्रकार समाज के सहयोग से बनारस में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी उसी प्रकार डॉ. नंद किशोर गर्ग ने समाज के सहयोग से इस विशाल शिक्षण संस्थान की स्थापना की है एवं इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में पहचान बनाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत के विकास में जिस प्रकार काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रमुख भूमिका रही उसी प्रकार महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संस्थानों से निकले हुए छात्र समाज में अपनी पहचान बनाने में सफल हो रहे हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा सहयोग नहीं मिलने के कारण प्रत्येक वर्ष लगभग 200 सीटें खाली रह जाने की समस्या डॉ. नंद किशोर गर्ग द्वारा उल्लेख किए जाने पर कहा कि वह कल ही इस बारे में मुझसे बात करें और मैं यह सुनिश्चित करने का काम करूंगा कि इस संस्थान को आगामी शिक्षण सत्र में दिल्ली सरकार के कारण विद्यार्थियों को प्रवेश देने में कि किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

इससे पूर्व अपने संबोधन में महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक चेयरमैन एवं महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नंद किशोर गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संस्थानों से पढ़कर निकले हुए छात्र आकर्षक पैकेज पर पूरी दुनिया में नियुक्ति प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान का प्रयास रहता है कि विद्यार्थी एक अच्छे इंजीनियर, अधिवक्ता, मैनेजर बनने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनें एवं देश के लिए जीने-मरने की भावना उनके अंदर भरी हो। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किस प्रकार सोसायटी के सदस्य एवं फैकल्टी मेंबर सतत प्रयत्नशील रहते हैं। हमारे विद्यार्थियों की टीमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लाखों रुपए का पुरस्कार जीतने में सफल हो रही हैं। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में हमारे विद्यार्थी निरंतर मेरिट लिस्ट में शामिल रहते हैं जिसका परिणाम है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होते ही हमारी सीटें सबसे पहले भरती हैं लेकिन दिल्ली सरकार द्वारा समय से निर्णय नहीं लेने के कारण पिछले कई वर्षों से हमारी 200 सीटें खाली रह जाती हैं। उन्होंने राज्यसभा सांसद एन.डी. गुप्ता जी से इस दिशा में सोसायटी की मदद करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे जिसमें अध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष एस.पी. अग्रवाल, सुंदर लाल गोयल, जगदीश मित्तल, सुरेंद्र पाल गुप्ता, ज्ञान चंद अग्रवाल, अमरनाथ जिंदल, प्रो. अनिल गोयल, डी.आर. गर्ग, मोहन गर्ग, ओम प्रकाश गोयल, प्रो. आर.के. गुप्ता, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, अविनाश अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, प्रो. नीलम शर्मा, प्रो. रवि कुमार गुप्ता प्रमुख थे।



